January 31, 2025

| BSE Limited | National Stock Exchange of India Limited |
|---|---|
| Corporate Relationship Department, | Exchange Plaza, 5th Floor, |
| 1st Floor, New Trading Ring, | Plot No. C/1, G Block |
| Rotunda Building, P J Towers, | Bandra-Kurla Complex, Bandra (E), |
| Dalal Street, Fort, Mumbai – 400 001 | Mumbai-400051 |
| corp.relations@bseindia.com | cmlist@nse.co.in |
| **Scrip Code: 532286** | **Symbol: JINDALSTEL** |

Dear Sir/Madam,

**Subject: Disclosure under Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("SEBI Listing Regulations") - Newspaper Publication**

Pursuant to Regulation 30, 47 read with Schedule III Part A Para A of the SEBI Listing Regulations, the Company hereby informs that the Un-Audited Financial Results for the 3rd quarter/nine months ended December 31, 2024 of the financial year 2024-25 have been published in Hari Bhoomi (Hindi) and Mint (English) (all editions) newspapers on January 31, 2025, the copies whereof are enclosed herewith for your records.

This is for your information and record.

Thanking you.

Yours faithfully,
For **Jindal Steel & Power Limited**

ANOOP SINGH JUNEJA
Digitally signed by ANOOP SINGH JUNEJA
Date: 2025.01.31 15:21:01 +05'30'

**Anoop Singh Juneja**
Company Secretary

Encl.: as above

## केंद्रीय गृह मंत्री बोले-आप का मतलब झूठ, फरेब, धोखा

# केजरीवाल कहते थे यमुना को थेम्स नदी जैसा बनाएंगे और डुबकी लगाएंगे : शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने आज रोहिणी की रैली में कहा कि केजरीवाल कहते थे कि यमुना के पानी को लंदन की थेम्स नदी जैसा बना देंगे और वे खुद उसमें डुबकी लगाएंगे। लेकिन केजरीवाल ने आज तक डुबकी क्यों नहीं लगाई। शाह ने कहा कि आप का मतलब है झूठ, फरेब और धोखा। केजरीवाल ने यमुना को प्रदूषित करके दिल्ली वालों को प्रदूषित पानी पीने के लिए मजबूर किया है। जल बोर्ड के साफ पानी देने के सारे पैसे आप ने भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलना बंद करो। ये कहते हैं कि भाजपा वालों ने दिल्ली के लोगों को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना में जहर मिलाया है। शाह ने कहा- केजरीवाल बताएं कौनसा जहर मिलाया है, कौनसी लेबोरेटरी में टेस्ट कराया है, उसका नाम बताइए। केजरीवाल चुनाव में अपनी हार को जान गए हैं इसलिए इतनी हल्की राजनीति कर रहे हैं।




■ केजरीवाल ने दिल्ली वालों को प्रदूषित पानी पीने के लिए मजबूर किया

■ चुनाव जीतने के लिए झूठ पर झूठ बोल रहे, जनता को धोखा देने का काम किया

■ भाजपा ने लोगों को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना में जहर मिलाया है

### चुन-चुन कर आप पर बोले हमले

- शाह ने कहा कि इन्होंने कहा था कि अस्पताल के कमरे दोगुना करेंगे। कमरा तो एक भी नहीं बढ़ा, लेकिन इन्होंने दिल्ली वालों का 5 लाख तक का फ्री इलाज भी रोकने का काम किया। दिल्ली वालों भाजपा की सरकार बना दो, पहली कैबिनेट में दिल्ली वालों का 10 लाख रुपये तक का ऑपरेशन सहित मुफ्त इलाज करवाने का काम भाजपा करेगी।
- केजरीवाल ने कहा था कि रिहायशी इलाकों से शराब की दुकान बंद करेंगे। लेकिन रिहायशी इलाके तो छोड़िए, उन्होंने स्कूल और मंदिरों के पास भी शराब की दुकानें खोलने का काम किया। केजरीवाल ने हजारों करोड़ रुपये का शराब घोटाला किया। इसलिए जेल गए।
- 5 तारीख को दिल्ली की जनता के सामने आप को हटाकर मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने का मौका है। कमल के निशान पर बटन दबाना है और भाजपा सरकार बनानी है। बटन इतने जोर से दबाना है कि केजरीवाल के 'शीश महल' के शीशे टूट जाएं।
- भाजपा जीतेगी तो दिल्ली सुंदर बनेगी, कूड़े के पहाड़ खत्म हो जाएंगे। भाजपा सरकार दिल्ली को भ्रष्टाचार से मुक्त करेगी, सड़कों और गलियों की सफाई और साथ में जल प्रबंधन भी करेगी।
- हमने तय किया है कि भाजपा सरकार बनने के बाद, हर महीने की 5 तारीख से पहले हर माता-बहन को 2,500 रुपए सीधे उनके बैंक खाते में देने का काम करेंगे। हर गर्भवती महिला को हमारी सरकार 21,000 रुपए देगी। 500 रुपए में एलपीजी सिलेंडर मिलेगा और दीपावली एवं होली में एक-एक सिलेंडर मुफ्त मिलेगा।

## पूर्व सीएम ने चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

# केजरी बोले-सीईसी राजनीति कर रहे, विश्वसनीयता नष्ट की

**नई दिल्ली (भाषा)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार पर बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि वह हरियाणा सरकार पर यमुना में "जहर मिलाने" का आरोप लगाने को लेकर उन्हें नोटिस भेजकर राजनीति कर रहे हैं। केजरीवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान आरोप लगाया कि कुमार ने निर्वाचन आयोग (ईसी) की विश्वसनीयता "नष्ट" कर दी है और उनकी सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद पाने की इच्छा है। उन्होंने कहा, "निर्वाचन आयोग को राजीव कुमार जितना नुकसान किसी ने नहीं पहुंचाया है। अगर वह चाहें तो दिल्ली की किसी भी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।" पूर्व मुख्यमंत्री ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, "मैं जब तक जिंदा हूं, दिल्ली के लोगों को जहरीला पानी नहीं पीने दूंगा। मुझे पता है कि वे मुझे दो दिन में गिरफ्तार कर लेंगे, लेकिन मैं डरने वाला नहीं हूं।"



■ केजरीवाल को यमुना में जहर मिलाने का आरोप लगाने को लेकर भेजा नोटिस

■ बोले-निर्वाचन आयोग को राजीव कुमार जितना नुकसान किसी ने नहीं पहुंचाया

■ अगर वह चाहें तो दिल्ली की किसी भी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं

### अगर राजनीति करनी है, तो चुनाव लड़िए

केजरीवाल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब निर्वाचन आयोग ने उसके नोटिस पर 'आप' प्रमुख के जवाब पर असंतोष जाहिर करने के साथ ही उन्हें हरियाणा सरकार के खिलाफ लगाए गए आरोपों पर स्पष्टीकरण देने का एक और मौका प्रदान किया है। सीईसी पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा, "अगर राजनीति करनी है, तो चुनाव लड़िए। वह सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद पाने की चाह रखते हैं। राजीव कुमार ने निर्वाचन आयोग को जितना नुकसान पहुंचाया है, उतना किसी ने नहीं पहुंचाया।" अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर हमला बोलते हुए 'आप' प्रमुख ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मिल गए हैं और दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल रहे हैं।

## राहुल गांधी का आप पर तंज

### प्रधानमंत्री मोदी के परिष्कृत स्वरूप हैं केजरीवाल, बस ज्यादा चालाक हैं



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मोदी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर झूठ बोलने तथा दलित विरोधी होने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि आप के मुखिया केजरीवाल प्रधानमंत्री का परिष्कृत स्वरूप और ज्यादा 'चालाक' हैं। राहुल गांधी ने कहा, "मैं आपको स्पष्ट रूप से बता दूं कि जब केजरीवाल जी (राजनीति में) आए तो मैंने शुरुआत में उन्हें समझने की कोशिश की। मुझे समझ आया कि केजरीवाल भी नरेन्द्र मोदी की तरह आरक्षण और दलित विरोधी हैं।

**कांग्रेस ने दलित, पिछड़ों का भरोसा बरकरार रखा होता तो आरएसएस कभी सत्ता में नहीं आती** : राहुल ने कहा कि यदि उनकी पार्टी ने दलित, पिछड़ों और अति पिछड़ों का भरोसा कायम रखा होता तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कभी सत्ता में नहीं आती। वह अपनी पार्टी में 'आंतरिक क्रांति' लाएंगे और संगठन में वंचित तबकों के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

## नड्डा बोले-केजरीवाल राष्ट्रविरोधी

### चुनाव में राष्ट्रीय राजधानी को 'आप-दा' मुक्त बनाने का आह्वान




**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बृहस्पतिवार को दिल्ली में सत्तारूढ़ 'आप' पर निशाना साधा और लोगों से आगामी चुनाव में राष्ट्रीय राजधानी को "आप-दा" मुक्त बनाने का आह्वान किया। नड्डा ने यहां कृष्णा नगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल की इस टिप्पणी के लिए भी आलोचना की कि हरियाणा सरकार "यमुना में जहर घोल रही है।" नड्डा ने इस तरह का आरोप लगाने के लिए केजरीवाल को "राष्ट्र-विरोधी" करार दिया। उन्होंने कहा, "वह दिल्ली और हरियाणा के लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे हैं। वह लोगों में दहशत पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। वह राजनीति में बने रहने के लायक नहीं हैं।" उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि 'आप' के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने यमुना सफाई परियोजनाओं में घोटाला किया है।

## राजनाथ की लोगों से अपील

### दिल्ली में उम्मीदवारों पर ध्यान दिए बिना भाजपा को दें वोट



**नई दिल्ली (भाषा)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आम आदमी पार्टी (आप) पर जन लोकपाल सहित अन्य वादे "तोड़ने" का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को दिल्ली के लोगों से उम्मीदवारों पर ध्यान दिए बिना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट देने की अपील की। दिल्ली कैंट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राजनाथ ने दावा किया, "भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसने अपने घोषणापत्र में किए गए सभी वादे पूरे किए हैं... मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप सब कुछ भूल जाएं और भाजपा को वोट दें।" उन्होंने कहा, "दिल्ली में भाजपा के पक्ष में मतदान करें और यह न देखें कि उम्मीदवार कौन है। आपका वोट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए होगा।" रक्षा मंत्री ने भरोसा दिलाया कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर सभी योजनाएं जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली वासियों को 'आयुष्मान भारत' जैसी केंद्रीय योजनाओं का भी लाभ मिल सकेगा, जिसे सरकार बनने के 10 दिनों के भीतर लागू किया जाएगा।

## राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने घेरा

### आप और कांग्रेस अब एक दूसरे के भ्रष्टाचार उजागर कर रहे



**नई दिल्ली (भाषा)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस और आप पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों पार्टियों ने करीब छह महीने पहले एक-दूसरे को क्लीन चिट दे दी थी, लेकिन अब एक-दूसरे के भ्रष्टाचार को उजागर कर रहे हैं। त्रिवेदी ने यहां दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आप के शराब घोटाले के लिए बयान दिया है कि यह खुला भ्रष्टाचार है और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भ्रष्ट हैं। उन्होंने कहा कि वह (केजरीवाल) इसके बाद भी खुद को ईमानदारी का प्रमाणपत्र दे रहे हैं। त्रिवेदी ने कहा कि केजरीवाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेशनल हेराल्ड भ्रष्टाचार मामले में शामिल है। उन्होंने कहा, "भारतीय राजनीति में ये दोनों घोटाले अद्भुत हैं। जहां तक शराब घोटाले की बात है तो आपने कभी नहीं देखा होगा कि सरकार कोई नीति बनाती है और बाद में उसे वापस ले लेती है।

## आवास के बाहर कूड़ा फेंका

### स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन किया



**नई दिल्ली (भाषा)।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने बृहस्पतिवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर के बाहर विरोध स्वरूप कूड़ा फेंका जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। मालीवाल और उनके सहयोगियों ने विकासपुरी में सड़कों से कूड़ा उठाया, उसे तीन मिनी ट्रकों में भरा और फिरोजशाह रोड पर केजरीवाल के घर पहुंचे। उन्होंने वहां जमीन पर कूड़ा फेंका, जिसके बाद महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोका और वहां से हटा दिया। केजरीवाल के पांच फिरोजशाह रोड स्थित आवास के पास सैकड़ों महिलाएं हाथों में तख्तियां लिए देखी गईं, जिन पर लिखा था, "मुस्कुराइए, 'आप' दिल्ली में हैं"। मालीवाल कचरा उठाने वाले तीन ट्रक में से एक में सवार होकर वहां पहुंचीं। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक वीडियो साझा किया था जिसमें वह और अन्य लोग विकासपुरी से कूड़ा इकट्ठा करते दिख रहे हैं।

## बजट उम्मीद

# राजकोषीय घाटे समेत अन्य आंकड़ों पर होगी नजर

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपना लगातार 8वां बजट पेश करेंगी और सभी की निगाहें मध्यम वर्ग को मिलने वाली बहुप्रतीक्षित कर राहत पर होंगी। सीतारमण ने 2019 में अपना पहला बजट पेश करते हुए बजट दस्तावेजों को ले जाने के लिए दशकों से इस्तेमाल किए जा रहे चमड़े के ब्रीफकेस को लाल कपड़े में लिपटे पारंपरिक 'बही-खाता' से बदल दिया था। इस साल का बजट पिछले तीन वर्षों की तरह कागज रहित रूप में होगा।

## *वित्त मंत्री के सामने होंगी घाटे को नियंत्रित करने की चुनौतियां*

**राजकोषीय घाटा:** चालू वित्त वर्ष (अप्रैल 2024 से मार्च 2025) के बजट में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत अनुमानित है। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में घाटे के आंकड़ों पर बाजार की पैनी नजर रहेगी।

**पूंजीगत व्यय:** चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का नियोजित पूंजीगत व्यय 11.1 लाख करोड़ रुपये है। हालांकि, लोकसभा चुनावों के कारण पहले चार महीनों में सरकारी खर्च धीमा रहा, जिससे पूंजीगत व्यय चक्र में देरी हुई और चालू वित्त वर्ष के लिए अंतिम आंकड़े कम रहने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में भी पूंजीगत व्यय की रफ्तार जारी रहने की उम्मीद है।

**ऋण की स्थिति:** वित्त मंत्री ने अपने 2024-25 के बजट भाषण में कहा था कि 2026-27 से आगे राजकोषीय घाटे को जीडीपी के प्रतिशत के रूप में लगातार कम किया जाएगा। इस बार बाजार की ऋण समेकन मसौदे पर नजर रहेगी। वर्ष 2024 में सामान्य सरकारी ऋण-जीडीपी अनुपात 85 प्रतिशत



था, जिसमें केंद्र सरकार का ऋण 57 प्रतिशत है।

**उधार:** वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार का सकल उधार बजट 14.01 लाख करोड़ रुपये था। सरकार अपने राजकोषीय घाटे की भरपाई करने के लिए बाजार से उधार लेती है। उधारी संख्या पर बाजार की नजर रहेगी।

**कर राजस्व:** 2024-25 के बजट में सकल कर राजस्व 38.40 लाख करोड़ रुपये आंका गया था, जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 11.72 प्रतिशत अधिक है। इसमें प्रत्यक्ष करों से 22.07 लाख करोड़ रुपये और अप्रत्यक्ष करों से 16.33 लाख करोड़ रुपये का राजस्व शामिल हैं।

**जीएसटी:** 2024-25 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 11 प्रतिशत बढ़कर 10.62 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025-26 के जीएसटी राजस्व अनुमानों पर नजर रखी जाएगी, क्योंकि चालू वित्त वर्ष में पिछले तीन महीनों में राजस्व वृद्धि धीमी रही है।

**चालू कीमतों पर जीडीपी:** वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की चालू कीमतों पर जीडीपी वृद्धि (वास्तविक जीडीपी और मुद्रास्फीति का जोड़) 10.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.4 प्रतिशत रह सकती है।

**इसके अलावा सरकार को आरबीआई तथा वित्तीय संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से मिलने वाले लाभांश तथा विनिवेश से होने वाली आय पर भी बाजार की नजर रहेगी।**

### घरेलू मांग को बढ़ाने के लिए बजट में हो सकती है पूंजीगत व्यय में वृद्धि की घोषणा : ईवाई

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अगले वित्त वर्ष (2025-26) के बजट में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पूंजीगत व्यय में 20 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया जा सकता है। इससे लोगों के हाथ खर्च के लिए अधिक पैसा होगा। इसके अलावा अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य रखा जा सकता है। वित्तीय सेवा कंपनी ईवाई ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है। ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत को वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए घरेलू मांग पर काफी हद तक निर्भर रहना पड़ सकता है। उन्होंने कहा, "...इसलिए अगले वित्त वर्ष (2025-26) के बजट में भारत सरकार के पूंजीगत व्यय में वृद्धि की गति को बहाल किया जाना चाहिए। इसे कुछ दरों को तर्कसंगत बनाने और आयकर कटौती के माध्यम से पूरक बनाया जा सकता है, जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत, विशेष रूप से निम्न आय और निम्न मध्यम आय वर्ग के लोगों के हाथों में खर्च योग्य आय को बढ़ाना है।" आगामी बजट में राजकोषीय मोर्चे और विकासोन्मुख उपायों के बीच संतुलन होना चाहिए। श्रीवास्तव ने कहा, "पूंजीगत व्यय में वृद्धि तथा उपभोक्ताओं, विशेषकर शहरी उपभोक्ताओं के हाथों में अधिक खर्च योग्य आय उपलब्ध कराना, घरेलू मांग में वृद्धि को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण होगा।" ईवाई इकनॉमी वॉच की जनवरी, 2025 की रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि सरकार अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ सकती है, जिससे अगले वित्त के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर आ जाएगा।



### अर्थव्यवस्था सुस्ती में है, सरकार कुछ भी नहीं कर रही : पी. चिदंबरम

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि देश की अर्थव्यवस्था सुस्ती में है, लेकिन सरकार स्थिति को संभालने के लिए कुछ नहीं कर रही है। चिदंबरम ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि वर्तमान समय में रोजगार सृजन नहीं हो रहा है, बेरोजारी उच्चतम स्तर पर है, मंहगाई बढ़ रही है तथा व्यापक स्तर पर आर्थिक असमानता है। पूर्व वित्त मंत्री ने कांग्रेस की ओर से तैयार 'अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति 2025' शीर्षक वाली रिपोर्ट जारी की। सरकार द्वारा आर्थिक समीक्षा पेश किए जाने से एक दिन पहले कांग्रेस ने यह रिपोर्ट जारी की है। चिदंबरम ने कहा कि इस रिपोर्ट में कई ऐसे तथ्यों का उल्लेख है जिनको सरकार ने दबा दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था की जो स्थिति बताती है वह वास्तविकता से दूर है। चिदंबरम ने दावा किया, "अर्थव्यवस्था सुस्ती में है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता। पिछले साल की आर्थिक वृद्धि की तुलना में इस साल दो प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।'



### देश को मध्यम आय के जाल में फंसा रही है सरकारः कांग्रेस

कांग्रेस ने केंद्रीय बजट पेश किए जाने से दो दिन पहले बृहस्पतिवार को अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर एक रिपोर्ट जारी की और दावा किया कि मोदी सरकार भारत को मध्यम आय के जाल (मिडल इनकम ट्रैप) में फंसा रही है, जिससे देश अप्रतिस्पर्धी होने के साथ अल्प उत्पादन और असमानता की चपेट में आ जाएगा। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि सरकारी आंकड़ों में भले ही वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि 6.4 प्रतिशत होने की उम्मीद जताई गयी है, लेकिन यह दर कोई जश्न मनाने वाली स्थिति नहीं है क्योंकि यदि भारत अपनी आबादी का लाभ लेना चाहता है तो उसे आठ प्रतिशत वृद्धि हासिल करनी होगी। उसने आरोप लगाया कि कि सरकार देश को 'मिडल इनकम ट्रैप' में फंसा रही है।'मिडिल इनकम ट्रैप' एक ऐसी स्थिति है जिसमें किसी देश की प्रति व्यक्ति आय मध्य स्तर तक ही सिमट कर रह जाती है और उच्च आय की श्रेणी की तरफ नहीं बढ़ पाती।

## स्टार्टअप के लिए कराधान को युक्तिसंगत बनाने की उम्मीद



**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि आम बजट में स्टार्टअप इकाइयों के लिए कराधान को युक्तिसंगत बनाने और पेशेवरों के लिए अनुपालन आवश्यकताओं को सुगम करने के उपाय किए जाएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को संसद में 2025-26 का बजट पेश करेंगी। आईसीएआई ने बयान में कहा, "हमें उम्मीद है कि केंद्रीय बजट में ऐसे कदम उठाए जाएंगे, जो पेशेवरों के लिए नियमों का पालन करना आसान तथा स्टार्टअप के लिए कराधान को युक्तिसंगत बनाएंगे और कर लाभ के माध्यम से ईएसजी (पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन) की अगुवाई वाली पहल को बढ़ावा देंगे।" आईसीएआई ने कहा कि कर प्रावधानों को वैश्विक बेंचमार्क के अनुरूप करने और नवोन्मेषण को प्रोत्साहन से भारत की वैश्विक आर्थिक ताकत बनने की यात्रा में तेजी आएगी। ® आईसीएआई ने कहा कि हम ऐसे सुधारों की भी उम्मीद कर रहे हैं जिनसे शिक्षा क्षेत्र सशक्त होगा और कारोबार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

JINDAL PANTHER™
JINDAL STEEL & POWER

**जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड**
(CIN: L27105HR1979PLC009913)
पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट कार्यालय : जिन्दल सेंटर, 12, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली-110066
Tel: +91 11 4146 2000 | Fax: +91 11 2616 1271 | Email: jsplinfo@jindalsteel.com
Website: www.jindalsteel.com
jsplcorporate | Jindal Steel & Power Ltd. | jsplcorporate | jsplcorporate

**31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तृतीय तिमाही और नौ माह हेतु समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**
(शेयर और ईपीएस को छोड़कर रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2024 | समाप्त तिमाही 30 सितम्बर 2024 | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2023 | वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 दिसम्बर 2024 | वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 दिसम्बर 2023 | वित्तीय वर्ष समाप्त 31 मार्च 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 11,777.05 | 11,248.14 | 11,736.40 | 36,677.52 | 36,662.05 | 50,183.36 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 1,199.42 | 1,213.27 | 1,926.95 | 4,271.74 | 5,077.75 | 6,241.27 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 1,199.42 | 1,213.27 | 1,926.95 | 4,271.74 | 5,077.75 | 6,241.27 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 950.88 | 860.47 | 1,927.99 | 3,149.27 | 5,009.86 | 5,943.32 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 737.73 | 809.71 | 1,987.79 | 3,013.85 | 5,011.99 | 5,926.87 |
| 6 | भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के) | 101.18 | 101.18 | 100.24 | 101.18 | 100.24 | 100.24 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | - | - | - | - | - | 44,215.77 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (प्रत्यक्ष मूल्य रु. 1/- प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु)- | | | | | | |
| | बेसिक : | 9.39 | 8.49 | 19.21 | 31.20 | 49.81 | 59.15 |
| | डायल्यूटेड : | 9.39 | 8.49 | 19.21 | 31.20 | 49.81 | 59.15 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तृतीय तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। 31 दिसम्बर 2024 को समाप्त तृतीय तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट (**www.bseindia.com / www.nseindia.com**) के साथ-साथ कम्पनी की वेबसाइट (**www.jindalsteel.com**) पर उपलब्ध है और निम्नलिखित क्विक रेस्पोंस कोड को स्कैन करके देखा भी जा सकता है।
2. इन अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा 30 जनवरी 2025 को आयोजित इसकी बैठक में ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और 30 जनवरी 2025 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किये गये।

**स्टैंडअलोन आधार पर वित्तीय परिणामों के मुख्य आंकड़े** (रु. करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2024 | समाप्त तिमाही 30 सितम्बर 2024 | समाप्त तिमाही 31 दिसम्बर 2023 | वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 दिसम्बर 2024 | वर्ष से तिथि तक समाप्त 31 दिसम्बर 2023 | वित्तीय वर्ष समाप्त 31 मार्च 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1 | टर्नओवर | 11,451.60 | 11,528.88 | 11,545.44 | 35,845.83 | 35,977.72 | 49,766.17 |
| 2 | कर से पूर्व लाभ/(हानि) | 1,473.09 | 1,224.46 | 1,993.74 | 4,672.34 | 5,388.90 | 7,150.70 |
| 3 | कर के बाद लाभ/(हानि) | 1,162.77 | 894.35 | 1,483.68 | 3,513.65 | 3,991.77 | 5,273.30 |

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 30 जनवरी 2025

बोर्ड के आदेशानुसार
सब्यसाची बंद्योपाध्याय
पूर्ण-कालिक निदेशक

# MINT SHORTS

## BSNL partners OTTplay on Live TV, OTT access for 96 million users

**Mumbai:** State-owned Bharat Sanchar Nigam Ltd (BSNL) has launched BiTV, an Internet TV service providing free access to over 450 live TV channels and multiple OTT platforms for its 96 million mobile users. The service has been introduced in partnership with OTTplay, a streaming platform aggregator by HT Media. After a pilot in Pondicherry, BiTV is now available across India. BSNL users can access platforms such as Bhaktiflix, Fancode, Playflix and Hubhopper, along with live TV, films, and web series. BSNL CMD Robert J. Ravi said the initiative is aimed at expanding digital access and making entertainment available to all users, regardless of their mobile plan. Avinash Mudaliar, CEO, OTTplay, added that the partnership will help BSNL customers access a wider range of content. STAFF WRITER

## Sammmm bags ₹10 cr in seed round led by Fireside Ventures

ISTOCKPHOTO



**Gurugram:** Sammmm, a teen self-care startup, has raised ₹10 crore in a seed funding round led by Fireside Ventures, with participation from Sauce VC and angel investors Nihir Parikh, Sachin Parikh, Shantanu Mehta and Nikhil Mehra. "The funding will be strategically deployed to diversify Sammmm's product portfolio, amplify its brand presence, and build a robust multi-channel footprint...", the company said in a statement. NITESH KUMAR

## Fashion search engine Shoppin raises $1 mn before its launch

**Gurugram:** Shoppin, a new-age fashion search engine, has raised $1 million in pre-seed funding from Info Edge Ventures. The fundraise will be deployed for hiring top talent, enhancing proprietary technology, supporting growth and building a team of AI engineers, developing, fine-tuning and scaling its advanced AI models, the company said. NITESH KUMAR

## Accel, BlueStone invest in new footwear startup CHK

**Gurugram:** Dealshare co-founder Sankar Bora's new D2C footwear startup, CHK, has raised $2.5 million in pre-seed and seed rounds. Accel backed the company in the seed round, while BlueStone backed it in the pre-seed round. NITESH KUMAR

# Global coalition crucial vs cyber attacks: PwC

### Common standards across multiple countries imperative, says Joyce

Shouvik Das
shouvik.das@livemint.com
NEW DELHI

Taking on global cyber security challenges will need strategic policy coalitions in order to address the increasing threats from nation-state attackers and even local scammers being distributed around the world, said Sean Joyce, partner and global cyber security leader at consultancy PricewaterhouseCoopers (PwC).

Speaking about the geopolitically distributed challenge of cyber security, Joyce, who stepped down as the deputy director of the US Federal Bureau of Investigation (FBI) in 2013, said, "The reason why most cyber attackers are not arrested is because they're not physically in the country where they're committing the crime. A global coalition of common standards across multiple countries is imperative, and it's important to start considering how we can exchange people and information better."



The coordination issue is a key factor in India, too. REUTERS

Joyce's statement comes as more bodies globally have raised the need for global policy and operational coordination to trace cyber crimes. In October, the World Economic Forum (WEF)'s international coordination effort, Cybercrime Atlas, underpinned global law enforcement body Interpol's 'Operation Serengeti'—which saw the arrest of 1,006 cyber criminals across 19 nations and the recovery of over $192 million in lost assets across a diverse array of cyber attacks.

Joyce added that such operations make for "a good place to start", based on "nations forming informal coalitions based on a mutually-agreed-upon set of norms." To conduct this, the executive added that central law enforcement bodies would be key to enabling such coordination. "Federal investigation agencies must start playing bigger roles in global cyber security coordination. When we look at advanced persistent threats (APTs), no company can defend against a sophisticated nation-state attack. There are certain nations that are notorious for this," he said.

The coordination issue is a key factor in India, too. In October last year, prime minister Narendra Modi underlined a rising volume of 'digital arrests'—scams where coordinated groups of cyber scammers steal millions from victims by posing as law enforcement officials. Elucidating the threat posed by such scams, Sivarama Krishnan, partner and leader for cyber security in India and PwC, added that a key factor that delays investigations is the lack of coordination among law enforcement bodies.

"While the US has a central investigation agency that can take inter-state matters into their hands based on an executive order, the same cannot happen in India since most of India's law-keeping matters are state affairs and are also divided between various entities. The moment two states within India are involved in a criminal investigation, the response speed drastically decreases. Given the speed of digital transactions today, the stolen money is distributed across a vast network of accounts and often becomes untraceable. This is a big challenge that remains to be addressed within India itself, let alone across nations," Krishnan said.

*For an extended version of this story, go to* livemint.com

**THE MISSING LINK**

**MOST** cyber thieves are not caught because they're not in the country where they commit crimes

**GLOBAL** calls for policy & operational coordination to trace cyber crimes are increasing

**WHILE** US has a central probe agency India's law-keeping issues are divided among many entities

# JK Paper acquires 65% in Quadragen to diversify business

Priyamvada C.
priyamvada.c@livemint.com
BENGALURU

JK Paper Ltd, a paper and packaging solutions company, has acquired Quadragen VetHealth Pvt. Ltd (QVPL) for ₹460 crore in an all-cash deal to diversify into the specialty animal health, nutrition, and feed additives business.

The transaction reflects an upfront acquisition of a 65% stake in QVPL, with the remaining expected to be bought in four years, JK Paper said in an exchange filing on Wednesday.

"This is a strategic acquisition in a promising and rapidly developing industry segment and provides a new opportunity for the company to grow," Harsh Pati Singhania, chairman and managing director at JK Paper, said in the filing.

JK Paper shares ended down 5.4% at ₹361.20 per share on BSE today, while the Sensex ended up 0.3%.

QVPL is in the business of manufacturing, marketing and exporting animal nutrition products, including feed additives and growth promoters. The Bengaluru-based company operates at Ebitda margins of over 30% and is expanding at a compound annual growth rate of 20%, according to the filing.

Singhi Advisors advised on the transaction, which is JK Paper's fourth acquisition in 2.5 years. Its previous acquisitions include that of Radhesham Wellpack Pvt. Ltd and Manipal Utility Packaging Solutions Pvt. Ltd.



Harsh Pati Singhania, CMD, JK Paper. MINT

In December, the company merged its three wholly-owned subsidiaries—Horizon Packs Pvt. Ltd, Securipax Packaging Pvt. Ltd, and JKPL Utility Packaging Solutions—into JK Paper to consolidate and streamline its operations.

JK Paper's net profit fell to ₹65.39 crore in the quarter ended December from ₹235.11 crore in the same year-ago period. Revenue from operations fell to ₹1,631.99 crore from ₹1,706.22 crore.

"A sharp rise in imports at low price adversely affected sales volume and realisation in paper and board. This coupled with continuing high wood costs has resulted in a significant fall in profits," Singhania said.

JK Paper is among the top producers of coated paper and packaging products in the country. The company products include copiers, bonds, coated papers, virgin fibre packaging boards, high-end maplitho, food-grade papers, boards, corrugated boxes, mono cartons, and labels.

**JK Paper will enter into the specialty animal health, nutrition, and feed additives business via the ₹460 crore deal**

JINDAL PANTHER™

JINDAL STEEL & POWER

## JINDAL STEEL & POWER LIMITED

(CIN: L27105HR1979PLC009913)
Regd. Office: O. P. Jindal Marg, Hisar-125005 (Haryana)
Corporate Office: Jindal Centre, 12 Bhikaiji Cama Place, New Delhi -110066
Tel: +91 11 4146 2000 | Fax: +91 11 2616 1271 | Email: jsplinfo@jindalsteel.com
Website: www.jindalsteel.com

jsplcorporate | Jindal Steel & Power Ltd. | jsplcorporate | jsplcorporate

**EXTRACT OF CONSOLIDATED UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE 3RD QUARTER AND NINE MONTHS ENDED ON DECEMBER 31, 2024**

(Rs. in crores except for Shares and EPS )

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 31st December, 2024 | Quarter ended 30th September, 2024 | Quarter ended 31st December, 2023 | Year to date ended 31st December, 2024 | Year to date ended 31st December, 2023 | Financial Year ended 31st March, 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Total Income from Operations (net) | 11,777.05 | 11,248.14 | 11,736.40 | 36,677.52 | 36,662.05 | 50,183.36 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 1,199.42 | 1,213.27 | 1,926.95 | 4,271.74 | 5,077.75 | 6,241.27 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional items) | 1,199.42 | 1,213.27 | 1,926.95 | 4,271.74 | 5,077.75 | 6,241.27 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional items) | 950.88 | 860.47 | 1,927.99 | 3,149.27 | 5,009.86 | 5,943.32 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profits /(Loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax) | 737.73 | 809.71 | 1,987.79 | 3,013.85 | 5,011.99 | 5,926.87 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face Value of Re.1/- each) | 101.18 | 101.18 | 100.24 | 101.18 | 100.24 | 100.24 |
| 7 | Other equity (excluding Revaluation Reserve) | - | - | - | - | - | 44,215.77 |
| 8 | Earnings Per Share ( Face Value of Re. 1/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | | | | |
| | Basic: | 9.39 | 8.49 | 19.21 | 31.20 | 49.81 | 59.15 |
| | Diluted: | 9.39 | 8.49 | 19.21 | 31.20 | 49.81 | 59.15 |

**Notes:**

1. The above is an extract of the detailed format of Un-Audited Financial Results for the 3rd quarter and nine months ended on December 31, 2024, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Un-Audited Financial Results for the 3rd quarter and nine months ended on December 31, 2024, is available on the website of Stock Exchanges at (www.bseindia.com / www.nseindia.com) as well as on the Company's Website at (www.jindalsteel.com) and can also be accessed by scanning the following Quick Response Code.
2. These Un-Audited Financial Results have been reviewed by the Audit Committee in its meeting held on January 30, 2025 and were approved by the Board of Directors in their meeting held on January 30, 2025.

**KEY NUMBERS OF FINANCIAL RESULTS ON STANDALONE BASIS**

(Rs. in crores)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended 31st December, 2024 | Quarter ended 30th September, 2024 | Quarter ended 31st December, 2023 | Year to date ended 31st December, 2024 | Year to date ended 31st December, 2023 | Financial Year ended 31st March, 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1 | Turnover | 11,451.60 | 11,528.88 | 11,545.44 | 35,845.83 | 35,977.72 | 49,766.17 |
| 2 | Profit /(Loss) before Tax | 1,473.09 | 1,224.46 | 1,993.74 | 4,672.34 | 5,388.90 | 7,150.70 |
| 3 | Profit / (Loss) after Tax | 1,162.77 | 894.35 | 1,483.68 | 3,513.65 | 3,991.77 | 5,273.30 |

By Order of the Board

Place: New Delhi
Dated: January 30, 2025

Sabyasachi Bandyopadhyay
Whole-time Director

SAY G'DAY TO GREAT DEALS TO AUSTRALIA.




With World-Class Service From Singapore Airlines

All-in return fares from
₹56,300*

Choose from over 130 flights weekly from Singapore to Australia on **singaporeair.com**

SINGAPORE AIRLINES

*Fare shown is for Economy Class travel with Singapore Airlines from Delhi to Sydney, including all taxes and surcharges. Special fares are also available to other Australian cities. Promotion is valid until 10 February 2025 for travel from 1 March to 30 September 2025. Actual price may vary with limited seats available at the advertised fare. Book online at singaporeair.com or contact your travel agent, Singapore Airlines Contact Centre at 1800 121 212. Other conditions apply.

*Chart a course to clarity!*



Data rich, visual reporting with
**Mint Plain Facts**
Read only on mint